# भाजपा में राजनीति केवल पदभार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति एक उत्तरदायित्वः उदय प्रताप सिंह

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण डी एम पैलेस करेली में आयोजित किया गया वर्ग के प्रथम दिवस 7 प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ में पार्टी के संघर्षो के इतिहास की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात वन्देमातरम के साथ सत्र का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता एवं पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी जिला भाजपा प्रभारी शरद जैन पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल महेंद्र नागेश प्रशिक्षण प्रभारी श्रीराम शुक्ला की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप यह प्रशिक्षण वर्ग

- » पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ
- » प्रथम दिवस 7 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित
- » भाजपा में व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण एवं संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माणः प्रह्लाद सिंह पटेल
- » भाजपा प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के सर्वांगीण विकास हेतु है जो उन्हें अन्य दलों के कार्यकर्ताओं से भिन्न बनाता हैः राहुल कोठारी प्रदेश महामंत्री,संभाग प्रभारी
- » भाजपा व्यक्ति आधारित नहीं विचार आधारित दल इसलिए समाज में हमारी स्वीकारताः कैलाश सोनी

संपूर्ण देश में आयोजित किए जा रहे है जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं का बौद्धिक विकास एवं वैचारिक मजबूती प्रदान करना है जिससे वह आगामी समय में होने वाले चुनावों में संगठन एवं



सरकार की रीति नीति आम जनों तक पहुंचा सके। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा के अभ्यास वर्ग सदैव कार्यकर्ताओं के जीवन में परिवर्तन लाते है चाहे वह राजनीतिक हो सामाजिक हो या पारिवारिक हो अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ता प्रबंधन सिख के जाता है क्योंकि भाजपा ही एक मात्र संगठन है व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण एवं संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाता है हमारे संगठन की यात्रा जनसंघ से प्रारंभ हुई जिसमें आपातकाल का वह काला दौर भी देखा जिसमें हमारी विचारधारा को कुचलने का प्रयास किया ओर भाजपा के निर्माण का वह दौर भी देखा जब अटल जी ने कहा था अंधेरा छ्टेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा उनकी यह वाणी आज सात प्रतिशत चरितार्थ हो रही है जब मोदी जी के नेतृत्व केंद्र के साथ साथ देश के अधिकतम राज्यों में भाजपा की सरकारें निर्वाचित है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण प्रतिक्षण होता है क्योंकि कार्यकर्ता को रोज कुछ न कुछ नया सीखने मिलता है इसलिए इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग निरंतर रूप से बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाते है इन प्रशिक्षणों से कार्यकर्ताओं का बौद्धिक एवं समग्र विकास होता है क्योंकि वर्तमान समय में हमारे कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से मजबूत होना चाहिए क्योंकि उसका सामना एक ऐसे विपक्ष से है जो झूठ की राजनीति करता है हम अपने पित्त पुरुष पंडित दीनदयाल के अंत्योदय एवं एकात्म मानव दर्शन की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रहे है जिससे समाज के सर्वहारा वर्ग में हमारी स्वीकारता है भाजपा में राजनीति केवल पदभार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति एक उत्तरदायित्व है इसी विचारधारा का परिणाम बंगाल विजय है जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं की प्राण आहुति के बाद भी हमने विचारधारा को कायम रखते हुए कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने वहां कमल खिलाया। छठवें सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी ने विचार परिवार पर संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल की एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी हमारी प्रेरणा है और कश्मीर में धारा 370 हटाना ओर बंगाल में भाजपा की विजय हमारी ओर से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है भाजपा में कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तिव विकास अनुशासन,समय प्रबंधन ,समर्पण,समन्वय, संपर्क एवं कार्य क्षमता एवं बौद्धिक विकास होता है यह सभी गुण कार्यकताओं मे आने से वह अन्य राजनैतिक दलों के कार्यकताओं से भिन्न नजर आता है एवं सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक भैया राम पटेल द्वारा की गई।

पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि भाजपा व्यक्ति आधारित पार्टी नहीं अपितु विचार आधारित राजनीतिक दल है इसी कारण हमारी विचारधारा देश के प्रत्येक वर्ग में स्वीकार्य हो रही है जबकि दूसरी ओर अन्य दल है जो व्यक्ति आधारित राजनीति कर रहे इस कारण उनका पतन हो रहा है हम जनसंघ से लेकर भाजपा निर्माण वा वर्तमान समय की भाजपा तक अनेकों नेताओं ने इस पार्टी का नेतृत्व किया लेकिन अब तक हम पित्तपुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा दिखाएं गए वैचारिक मार्ग पर चल रहे है।

## सुहागपुर में 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शुभारंभ, खिलाड़ियों को बांटी हॉकी किट

**नर्मदापुरम/सुहागपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड सुहागपुर में निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का शुभारंभ पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय खेल मैदान पर किया गया। ब्लॉक खेल समन्वयक चंदा मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड खेल अधिकारी हेमराज सिंह नागा एवं मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज द्वारा खिलाड़ियों को हॉकी किट व अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री हेमराज सिंह नागा ने बच्चों के *व्यक्तित्व विकास* पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेल के माध्यम से प्रभावी संवाद कौशल विकसित कर बच्चों को मंच पर आत्मविश्वास से अपनी बात रखना सिखाया गया, *नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के निर्माण* हेतु ग्रुप गतिविधियों से अनुशासन व सामूहिक समन्वय का अभ्यास कराया गया।

## खरीफ बोनी की तैयारीः जिले में खाद का पर्याप्त स्टाक, ई-विकास पोर्टल से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा उर्वरक

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

खरीफ फसलों की आगामी बोनी को देखते हुए किसानों के लिए एक राहत भरी खबर है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया कि बोनी की तैयारियों के मद्देनजर प्रदेश के साथ जिले में भी खाद का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध करा दिया गया है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार ने उर्वरकों की आपूर्ति निरंतर और तय कार्यक्रम के अनुसार की जा रही है। वर्तमान स्थिति में जिले में 12829 मैट्रिक टन यूरिया, 1673 मैट्रिक टन डीएपी, 5537 मैट्रिक टन एनपीकेएस, 504 मैट्रिक टन एमओपी और 12045 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) का सुरक्षित भंडारण किया जा चुका है। प्रदेश स्तर पर भी 6.40 लाख



मैट्रिक टन यूरिया सहित अन्य उर्वरकों का पर्याप्त स्टाक मौजूद है। प्रदेश में उपलब्ध यह खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लाक केंद्रवार और निजी दुकानवार 'ई-विकास पोर्टल' पर आनलाइन देखी जा सकती है।

ई - विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 49 हजार 352 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसके अंतर्गत 01 अप्रैल 2026 से 17 हजार 852 किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक क्रय किया गया है। कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि ने जिले के सभी किसान से अनुरोध किया है कि वे अपनी फसल की आवश्यकतानुसार खाद को अपनी पसंद की सोसायटी या दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से आसानी से बुक कर प्राप्त कर सकते हैं। इस पारदर्शी आनलाइन प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम व वृद्ध किसान, मृतक किसान के स्वजन और धार्मिक संस्थान या ट्रस्ट की जमीन के लिए भी खाद उपलब्ध कराने की विशेष सुविधा दी गई है। किसान चाहें तो खरीफ फसलों के लिए अनुशंसित यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी और पोटाश खाद की पूरी मात्रा एक बार में ही उठा सकते हैं। इसके अलावा, यदि किसान चाहें तो अपनी मर्जी और आवश्यकता के अनुसार पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन करते हुए सुविधानुसार दोबारा भी खाद की बुकिंग कर सकते हैं। प्रशासन की इस व्यवस्था से किसानों को खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और बोनी का कार्य सुगमता से हो सकेगा।

## सांस्कृतिक चेतना का शंखनादः 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

आधुनिकता की चकाचौंध और डिजिटल क्रांति के बीच अपनी जड़ों और लोक संस्कृति को सुरक्षित रखने के पावन उद्देश्य के साथ, नरसिंहपुर की धरा पर एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा का प्रारंभ हुआ है। श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केंद्र, माधवम परिवार नरसिंहपुर एवं नरसिंह पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का रविवार, 10 मई 2026 को अत्यंत गरिमामय और भव्य उद्घाटन हुआ। यह आयोजन न केवल बच्चों के कौशल विकास का माध्यम है, बल्कि यह लुप्त होती लोक कलाओं और संस्कारों के पुनर्जागरण का एक सशक्त अभियान बनकर उभरा है। कार्यक्रम के पहले ही दिन



उत्साह का आलम यह था कि नरसिंह पब्लिक स्कूल का परिसर बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति से जीवंत हो उठा।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साहः शिविर के उद्घाटन सत्र में शिक्षा, समाज सेवा और कला जगत की प्रख्यात विभूतियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् माननीय किशोर कुमार पाण्डेय जी उपस्थित रहे। उनके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्वेद शुक्ला जी ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी पूजन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया ।

संस्कृति बनाम तकनीकः निर्वेश शुक्ला जी का प्रभावी उद्बोधन : उद्घाटन सत्र के दौरान निर्वेश शुक्ला जी ने वर्तमान पीढ़ी की जीवनशैली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक अत्यंत मार्मिक और विचारोत्तेजक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि– 'आज का युग मोबाइल, इंटरनेट और रील की अंधी दौड़ में फंसता जा रहा है। हमारी नई पीढ़ी स्क्रीन के भीतर सिमट रही है।

## नवागत कमिश्नर श्रीकांत बनोठ ने पदभार ग्रहण करने से पहले सेठानी घाट पर किया मां नर्मदा का पूजन - अर्चना

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**

नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर श्रीकांत बनोठ ने रविवार को अपना पदभार ग्रहण करने से पहले रविवार शाम को नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट पहुंचकर विधि विधान से मां नर्मदा का पूजन-अर्चना किया। गौरतलाब हैं कि पूर्व कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी के तबादले के बाद मध्यप्रदेश शासन ने संभाग की कमान भोपाल से आए नवगत कमिश्नर श्रीकांत बनोठ को बागडोर दी गई है इस दौरान उन्होंने नर्मदापुरम संभाग की समृद्धि एवं विकास , जनकल्याण की कामना की। सेठानी घाट पर पहुंचने पर कमिश्नर श्रीकांत बनोठ ने सर्वप्रथम मां नर्मदा को नमन किया।



इसके पश्चात वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। पूजन के उपरांत नवागत कलेक्टर श्री मिश्रा ने नवगत कमिश्नर श्रीकांत बनोठ जी का स्वागत किया ।

इस अवसर पर नवगत कलेक्टर सोमेश मिश्रा एसडीएम जय सोलंकी , सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सरिता मालवीय, डीएसपी संतोष मिश्रा, कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर ,यातायात टी आई सुनीता पटेल, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 69 प्रकरणों का निराकरण, एक करोड़ से अधिक राशि का हुआ आदान-प्रदान

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

साल की दूसरी आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला अपर सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में फैली आपसी वैमनस्यता को समाप्त करने एवं भाईचारा तथा सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। लोक अदालतें सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य कर रही हैं।

न्यायाधीश श्रीमती खान ने कहा कि यह वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत है और सभी के सहयोग से पिछली लोक अदालत से अधिक प्रकरणों में राजीनामा कर इसे सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायालय में लंबित पांच वर्ष पुराने मामलों का निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की सफलता में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, जो पक्षकारों को समझाइश देकर आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण कराने में



सहयोग करते हैं। प्रिलिटिगेशन मामलों में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से भी उन्होंने न्यायालय पहुंचने से पहले ही समझौते के माध्यम से मामलों का निराकरण कराने का आग्रह किया।

लोक अदालत में राजीनामा कर अपने प्रकरण समाप्त करने वाले पक्षकारों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अंजली अग्रवाल, सरोज डेहरिया, हजारीलाल गुर्जर, एन. एस. यादव तथा विकास पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नगरपालिका सीएमओ अमरसिंह उइके, बैंक कर्मचारी, न्यायालय कर्मी, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे।

69 प्रकरणों का हुआ निराकरण

नेशनल लोक अदालत में कुल 69 प्रकरणों का आपसी राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया, जिसमें 1 करोड़ 1 लाख 78 हजार 331 रुपये का आदान-प्रदान हुआ। लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, मोटरयान, वैवाहिक एवं चेक बाउंस सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया गया।

इसके अलावा नगरपालिका के प्रिलिटिगेशन के 78 प्रकरणों में 2 लाख 53 हजार 456 रुपये की राशि प्राप्त हुई। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में 17 तथा तहसीलदार कार्यालय में 71 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

बीमा प्रकरणों में 35 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति

लोक अदालत में बीमा संबंधी दो महत्वपूर्ण प्रकरणों का भी सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अधिवक्ता कमल कौशल एवं राम यादव द्वारा प्रस्तुत इन मामलों में बीमा कंपनी की सहमति एवं न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान की समझाइश से पक्षकारों को कुल 35 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई।

प्रथम प्रकरण में फरियादिया पूजा बाई को उनके पति की मृत्यु उपरांत बीमा दावा प्रकरण में 20 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। वहीं दूसरे प्रकरण में रामकिशोर कवड़े को उनकी पत्नी की मृत्यु के बाद बीमा कंपनी से 15 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि समझौते के माध्यम से प्राप्त हुई। दोनों मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण किया गया।

## नपा परिसर में लगी नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने 20 लाख 80 हजार से अधिक का टैक्स किया जमा



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिषद में लगी नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने टेक्स जमा किया। सुबह 10.30 बजे से कर कलेक्शन टेबिल पर नागरिकों ने देर शाम तक अपने विभिन्न प्रकार के कर जमा किए और नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाया। शनिवार को नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने करीब 20 लाख 80 हजार से अधिक की राशि कर के रूप में जमा की। राजस्व शाखा के हरीश गोस्वामी ने बताया कि नपा परिसर में लगी नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को बैठने, पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कर जमा करने आने वाले लोगों से चर्चा भी की। कर जमा करने में समूची राजस्व टीम लगी रही। श्री गोस्वामी ने बताया कि शनिवार को नेशनल लोक अदालत में कुल 20 लाख 80 हजार 251 रुपए जमा किए गए। जिसमें संपत्तिकर 16 लाख 73 हजार 602 रुपए, जलकर 1 लाख 67 हजार 878, दुकान किराया 2 लाख 26 हजार 271 रुपए, विविध कर 12 हजार 500 रुपए कर के रूप में प्राप्त किए गए।

## कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध राजस्व एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त कार्रवाई

» **नहर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर, किसानों के लिए आवागमन मार्ग कराया गया सुचारू**

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**

जिला प्रशासन द्वारा सिंचाई विभाग के अंतर्गत आने वाली नहरों पर हुए अवैध अतिक्रमण को सख्ती से हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। साथ ही किसानों को कृषि कार्य में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार दिनांक 10 मई 2026 को तहसीलदार नर्मदापुरम नगर श्रीमती सरिता मालवीय, अनुविभागीय



अधिकारी नहर विभाग श्री प्रमोद जाटव, राजस्व विभाग एवं नहर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तहसील नर्मदापुरम नगर अंतर्गत फेफरताल क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

संयुक्त टीम ने कॉलोनाइजर अग्रवाल इंपीरिया एवं रामानंद मैरिज गार्डन संचालक द्वारा नहर विभाग की भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान किसानों के कृषि कार्य हेतु आवागमन एवं ट्रैक्टर निकालने के लिए बंद पड़े रास्ते को भी खुलवाया गया। कार्यवाही के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नहर भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा तथा किसानों की सुविधा एवं सिंचाई व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध खनिज उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, पोकलैंड सहित दो डंपर जब्त



**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम रामगढ़, तहसील शिवपुर क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्यवाही के दौरान एक पोकलैंड मशीन एवं दो डंपरों को जब्त कर थाना शिवपुर में खड़ा कराया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके बाद संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खनिज परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच भी की गई।

इस संयुक्त अभियान में शंकर सिंह रघुवंशी, पिंकी चौहान, के. एन. रजक सहित राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम मौजूद रही। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।